**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.05.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, आज, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश, "समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 18.05.2025

### छितौनी और ठठरा में बनेगा मॉडल सामुदायिक भवन

**वाराणसी।** वीडीए रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के छितौनी गांव और सेवापुरी विधानसभा के ठठरा गांव में मॉडल सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। वोकल फॉर लोकल पहल के अनुरूप, इन भवनों की वास्तुकला में स्थानीय हस्तशिल्प की झलक प्रमुखता से दिखाई देती है। डिजाइन में स्थानीय कालीन और साड़ी बुनकरों की पारंपरिक कारीगरी से प्रेरणा ली गई है। वीडीए वीसी पुलकित गर्ग ने बताया कि विशेष पहलू यह है कि भवनों के अग्रभाग (फसाड) में प्रीकास्ट कंक्रीट पैनलों का उपयोग किया जाएगा। इनमें पारंपरिक स्थानीय कारीगरों से प्रेरित कलात्मक डिजाइन उकेरे जाएंगे, जो कला और मजबूती का सुंदर संयोजन होगा। इसमें पीवीसी फ्लूटेड सीलिंग पैनल, एसीपी क्लैडिंग, डिजाइनर फ्लोर टाइल्स, और फिलिप्स की आधुनिक लाइटिंग और आंतरिक सज्जा की जाएगी। इसके अलावा ध्वनि रोधी पैनल, आधुनिक शौचालय और लाइटिंग सिस्टम की भी व्यवस्था की जाएगी। इससे यह भवन सामुदायिक कार्यक्रमों, उपयोग के लिए उपयुक्त बन सकेगी। छितौनी सामुदायिक भवन की अनुमानित लागत लगभग 2 करोड़ 73 लाख 66 हजार रुपये है। जबकि ठठरा सामुदायिक भवन की अनुमानित लागत लगभग 2 करोड़ 75 लाख 58 हजार रुपये है। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 18.05.2025

### बाटा शू की दुकान पर लिया कब्जा

जासं,वाराणसी : नीचीबाग व्यावसायिक योजना के तहत दुकान नंबर एक और दो को शनिवार को वीडीए ने अपने कब्जे में ले लिया। जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ देव ने बताया कि बाटा शू कंपनी ने किराए पर वीडीए से दुकान लिया था। शर्तों को पूरा नहीं करने पर नौ अप्रैल को आवंटन प्रक्रिया निरस्त कर दी गई थी। उसके साथ ही दुकान को सील कर दिया गया था।

## दैनिक जागरण–दि0 18.05.2025

### वीडीए ने तोड़ी अवैध प्लाटिंग

जासं, वाराणसी : वीडीए ने शनिवार को अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। जोन दो के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि सारनाथ वार्ड के हिरावनपुर में क्रीब दो बीघा में अवैध तरीके से हो रहे जमीन की प्लाटिंग को बुलडोजर से तोड़ दिया। टीम में अभियंता वर्तिका दुबे, हिमांशु सिंह आदि शामिल थे।

## आज–दि0 18.05.2025

### सामुदायिक भवन के लिए विप्रा की करोड़ों की परियोजना

वाराणसी विकास प्राधिकरण छितौनी और ठठरा ने माडल सामूदायिक भवनों का निर्माण करायेगा। इस परियोजना से ग्रामीणों और उसके आस-पास सामाजिक उपयोग के लिए सार्वजनिक स्थान उपलब्ध होगा। जिसमें हस्तकला की खुबसुरती, डिजाइन और बुनकरों से पारंपरिक कारीगरी की प्रेरणा ली गयी। भवन के अग्रभाग को प्रीकास्ट कंक्रीट पैनलों का उपयोग होगा। इसको बनाने में उच्च गुणवत्ता का प्रयोग होगा जिसमें पीवीसी फ्लूटेड सीलिंग पैनल, एसीपी कलैडिंग, डिजाइनर फ्लोर टाइल्स के अलावा फिलिप्स की आधुनिक लाइटिंग की व्यवस्था की जायेगी। ध्वनि रोधिक पैनल के अलावा आधुनिक शौचालय की व्यवस्था की गयी है। वहीं छितौनी और ठठरा के सामुदायिक भवन को ग्रामीण क्षेत्रों में एक अलग से पहचान मिलेगी। दोनों भवनों को बनाने में लगभग दो करोड़ ७३ लाख ६६ हजार और ठठरा सामुदायिक भवन के लिए दो करोड़ ७५ लाख ५८ हजार रुपये खर्च होने की संभावना है।

### प्लाटिंग पर चली जेसीबी

उपाध्यक्ष के निर्देश पर शनिवार को जोनल अधिकारी और अवर अभियंता वर्तिका दूबे ने शिकायत के आधार पर मौजा-हिरामनपुर वार्ड सारनाथ में दो बीघा पर प्लाटिंग कर रहे कास्टकार को नोटिस भेजा। जवाब न मिलने पर मौके पर पहुंचे अभियंताओं की टीम ने प्रवर्तन दल के साथ जेसीबी के माध्यम से प्लाटिंग में हुये निर्माण को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

### निचीबाग की व्यवसायिक दूकानों का होगा पुनः निलामी

निची बाग स्थित व्यवसायिक योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन दूकान नंबर एक और दो जिसमें कि बाटा शू कंपनी को आवंटित किया गया था। कंपनी ने निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी अभी तक बकाया किराया विभाग में जमा नही किया। इसको देखते हुए वीडिए उपाध्यक्ष ने नौ अप्रैल को आवंटन निरस्त करने पर निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार निजीबाग स्थित बाटा की दूकान का आवंटन शीघ्र किया जायेगा।

## हिन्दुस्तान–दि0 18.05.2025

### नीचीबाग में शोरूम का आवंटन निरस्त, सील

वाराणसी। वीडीए प्रशासन ने शनिवार को नीचीबाग में एक जूते के शोरूम को सील कर दिया। किराया जमा न करने के कारण आवंटन निरस्त करते हुए वीडीए ने दुकान को कब्जे में ले लिया। नीचीबाग व्यावसायिक योजना के अन्तर्गत दुकान संख्या 1 और 2 बाटा कम्पनी को किराये पर आवंटित थी।

न्यायाधीश–दि0 18.05.2025

## वीडीए जोन-2 ने की वार्ड सारनाथ में अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही



वाराणसी ।उपाध्यक्ष वाविप्रा द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-2, वार्ड- सारनाथ, के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही सम्पादित की गयी।वार्ड- सारनाथ,के अंतर्गत अज्ञात द्वारा मौजा- हिरावानपुर, वार्ड- सारनाथ, थाना -सारनाथ, जिला - वाराणसी में लगभग 2 बीघा के क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग किये जाने पर उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धारा-27 के अन्तर्गत नोटिस की कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 17.05.2025 को अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।मौके पर जोनल अधिकारी श्री प्रकाश,अवर अभियंता वर्तिका दुबे व प्रवर्तन टीम उपस्थित रही । उपाध्यक्ष द्वारा आम जन मानस से अपील की गयी है कि वाराणसी विकास प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत प्लॉट ही खरीदें तथा मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न करें अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा सख्त कार्यवाही की जायेगी।

हिन्दुस्तान–दि0 18.05.2025

## छितौनी और ठठरा में मॉडल सामुदायिक भवन का निर्माण

**वाराणसी।** वीडीए प्रशासंन ने रोहनिया क्षेत्र में छितौनी गांव एवं सेवापुरी के ठठरा गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण शुरू करा दिया है।छितौनी में ₹2 करोड़ 73 लाख 66 हजार रुपये और ठठरा में ₹2 करोड़ 75 लाख 58 हजार रुपये से यह काम कराया जा रहा है।इससे ग्रामीणों को अपने गांवों के पास आधुनिक सुविधाओं से युक्त ऐसा भवन मिलेगा जहां विवाह समारोह समेत अन्य आयोजन करा सकेंगे। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि इन भवनों की वास्तुकला में स्थानीय हस्तशिल्प की झलक दिखाई देगी। इनमें डिजाइनर फ्लोर टाइल्स, आधुनिक लाइटिंग, ध्वनि रोधी पैनल, फायर से सुरक्षा के लिए उपकरण लगाए जाएंगे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


न्यायाधीश–दि0 18.05.2025

## छितौनी एवं ठठरा में मॉडल सामुदायिक भवनों का निर्माण – वाराणसी विकास प्राधिकरण



वाराणसी विकास प्राधिकरणङ द्वारा रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के ङछितौनी गांवङ एवं सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के ङठठरा गांवङ में ङमॉडल सामुदायिक भवनों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।ङ यह परियोजनाएँ ग्रामीण व उसके आस पास क्षेत्रों के सामाजिक उपयोग के लिए एक सुसज्जित, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध सार्वजनिक स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की जा रही हैं।'वोकल फॉर लोकल'ङ पहल के अनुरूप, इन भवनों की वास्तुकला में स्थानीय हस्तशिल्प की झलक प्रमुखता से दिखाई देती है। डिजाइन में स्थानीय कालीन एवं साड़ी बुनकरों की पारंपरिक कारीगरी से प्रेरणा ली गई है। एक विशेष पहलू यह है कि भवनों के अग्रभाग (फसाड) में प्रीकास्ट कंक्रीट पैनलों का उपयोग किया जायेगा, जिनमें पारंपरिक स्थानीय कारीगरों से प्रेरित कलात्मक डिज़ाइन उकेरे जायेंगे –जो कला और मजबूती का सुंदर संयोजन होगा ।निर्माण में उच्च गुणवत्ता की सामग्रियों का उपयोग किया जायेगा, जैसे कि ङपीवीसी फ्लूटेड सीलिंग पैनल, एसीपी क्लैडिंग, डिज़ाइनर फ्लोर टाइल्स, और फिलिप्स की आधुनिक लाइटिंग।ङ आंतरिक सज्जा को एशियन पेंट्स के सौम्य रंगों से सजाया जाना प्रस्तावित है, साथ ही ङध्वनि रोधी पैनल, आधुनिक शौचालय, और लाइटिंग सिस्टमङ की भी व्यवस्था की जाएगी जिससे यह भवन सामुदायिक कार्यक्रमों, उपयोग के लिए उपयुक्त बन सकेगी।छितौनी एवं ठठरा के ये सामुदायिक भवन ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक आदर्श, आधुनिक एवं सांस्कृतिक रूप से सम्मानजनक अधोसंरचना का उदाहरण प्रस्तुत करेगी – जो स्थानीय पहचान को सशक्त करते हुए स्थानीय निवासियों की आवास्याकताओं को पूरी करेगी।

न्यायाधीश–दि0 18.05.2025

## वीडीए द्वारा कब्जा मुक्त कराई गई दुकानें, शीघ्र होगा विक्रय




वाराणसी । नीचीबाग व्यावसायिक योजना के अन्तर्गत दुकान सं. 01 व 02, जो पूर्व में बाटा शू कम्पनी को किराये पर आवंटित थीं, का कब्जा जोन-3 के जोनल अधिकारी एवं सम्पत्ति अनुभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्राप्त कर लिया गया।उल्लेखनीय है कि उक्त दुकानों का आवंटन, किराया भुगतान में निरंतर लापरवाही के कारण, उपाध्यक्ष महोदय की स्वीकृति दिनांक 09.04.2025 के क्रम में निरस्त कर दिया गया था, जिसके तहत दुकानों को सील कर दिया गया था।संबंधित दुकानों को शीघ्र ही विक्रय हेतु सार्वजनिक रूप से विज्ञापित किया जाएगा।